- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के बीच अबुजा में वार्ता।
- प्रदेश में खोला जायेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयुर्वेद केन्द्र–संयोजनम 2024 के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की घोषणा।
- राज्य में दो अलग–अलग सड़क हादसो में पांच लोगों की मृत्यु–14 लोग घायल।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट से गुलाबी ठण्ड का एहसास।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने आज अबूजा में वार्ता की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कार्यनीतिक भागीदारी की समीक्षा की और आपसी संबंधों को बेहतर बनाने के अवसरों पर चर्चा की। राष्ट्रपति टीनुबू के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी कार्यनीतिक भागीदारी को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में पहले से सहयोग जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद और समुद्री लुटेरों की चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित करने के निर्णय के लिए नाइजीरिया के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि समस्त भारतीयों का है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में यह पहला मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की यात्रा की है। उन्होंने कहा कि भारत, नाइजीरिया के बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत के लिए मानवीय सहायता के तौर पर बीस टन सामग्री भेजेगा। श्री मोदी ने नाइजीरिया को ब्रिक्स का भागीदार देश बनने पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और नाइजीरिया ग्लोबल साउथ के मुद्दों को विश्व मंच पर उठाते रहेंगे। प्रधानमंत्री नाइजीरिया में भारतवंशियों को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाइजीरिया की दो दिन की यात्रा पर कल रात अबूजा पहुंचे। नाइजीरिया में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री को सम्मान स्वरूप अबूजा शहर की चाबी भेंट की गई। प्रधानमंत्री मोदी आज नाइजीरिया से ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरो रवाना होंगे। वहां की दो दिन की यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति लुईस इनाशियो लूला दा सिल्वाच द्वारा आयोजित जी–20 शिखर बैठक में भाग लेंगे।

00000

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी आर डी ओ ने कल ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उडान परीक्षण किया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए डेढ हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान–परीक्षण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी है। इस बीच, एलन मस्क की कम्पनी स्पेस–एक्स 19 नवम्बर को अमरीका के केप कैनावेरल से भारत के संचार उपग्रह जीसैट–20 को लॉन्च करेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बताया कि स्पेस–एक्स का फाल्कन–9 इसरो का जीसैट–20 लॉन्च करेगा। 4

हजार 700 किलोग्राम का जीसैट–20 भारत के सबसे भारी संचार उपग्रहों में से एक है। ये देश में विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी भी शामिल है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालासाहेब ठाकरे की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे एक विचारक थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई और मराठी लोगों को सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे का निडर अंदाज और अटूट समर्पण भावना, आने वाली पीढियों को प्रेरित करती रहेगी।

00000

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित संयोजनम् 2024 का आज समापन हो गया। संयोजनम 2024 के तीसरे दिन आयुर्वेद चिकित्सक, शिक्षक और विद्यार्थियों ने चरक संहिता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया। इस आयोजन में देशभर के तीन हजार से अधिक आयुर्वेद से जुड़े शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी शामिल हुए। समापन समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री  दिया कुमारी ने राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयुर्वेद सेंटर खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे खोलने को लेकर तैयारी की जा रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समारोह में आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश के विभिन राज्यो के आयुर्वेद विद्वानों, चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

00000

टमाटर की कीमत बेहतर आपूर्ति के कारण एक महीने में 22 प्रतिशत से ज्यादा कम हो गई है। टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 14 नवंबर को 52 रूपये 35 पैसे प्रति किलोग्राम था जो कि 14 अक्टूबर के 67 रूपये 50 पैसे प्रति किलोग्राम के मूल्य से 22 दशमलव चार प्रतिशत कम है।

इसी अवधि में दिल्ली की आजादपुर मंडी में मॉडल कीमत 5 हजार 8 सौ 83 रूपये प्रति क्विंटल से गिर कर 2 हजार 9 सौ 69 रूपये प्रति क्विंटल हो गई। इस दौरान विभिन्न शहरों की मंडियों में भी टमाटर की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

00000

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क हादसो में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 14 लोग घायल हो गए। सांचौर जिले के पलादर गांव के पास अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। तीनो मृतक गुजरात निवासी थे। वहीं बूंदी जिले में देहीखेडा घाट का बराना के पास शनिवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक बस पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मृत्यु और 14 लोग घायल हो गए। घायलों को कोटा रैफर किया गया है। ये सभी श्रद्धालु चौथ का बरवाडा में चौथ माता के दर्शन करने जा रहे थे।

00000

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए देश भर के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। देश भर में मनाया जाने वाला यह उत्सव भारत की समृद्ध आदिवासी विरासत और आदिवासी समुदायों के योगदान का सम्मान करता है। यह पखवाड़ा भावी पीढ़ियों को उनके बलिदानों को स्वीकार करने और उनकी सांस्कृतिक प्रथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश में भी जनजातीय गौरव पखवाडे के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सांचोर जिले के रानीवाडा में आदिवासी समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस आयोजन में समाज को मजबूत और सशक्त करने पर मंथन हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भील और आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

00000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट दर्ज होने से सुबह शाम गुलाबी ठण्ड का एहसास होने लगा है। उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी के असर से राज्य के कई शहरों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। हनुमानगढ़, सीकर के फतेहपुर, जैसलमेर सहित कई स्थानों पर कोहरे का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 12 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। राज्य में सबसे कम 9 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान माउंटआबू में दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में आज दिन में धूप निकलने से लोगों को ठण्ड से राहत मिली।

.......

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी दिनों में जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं—कहीं घना कोहरा छाया रह सकता है। वहीं राज्य के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार है।

00000

जयपुर के प्रसिद्ध खोले के हनुमान मंदिर में आज 64वें लक्खी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 1 लाख 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई पंगत प्रसादी का दौर देररात तक जारी रहेगा। आयोजन से पहले 61 मंदिरों में अन्नकूट का भोग लगाया गया। हर साल आयोजित होने वाले इस अन्नकूट महोत्सव में सभी जाति समाज के लोग एकसाथ पंगत प्रसादी ग्रहण करते है।

00000

पाली में आज ग्रीन हार्टफुलनेस रन के तहत मैराथन दौड का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से आयोजित इस दौड में बडी संख्या में महिला और पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लिया। दौड के समापन पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के महत्व के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

00000

जयपुर कल अपना 297वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में शहरभर में कई कार्यक्रम रखे गये हैं। समारोह की कड़ी में आज विभिन्न संगठनों की ओर से जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह द्वितीय को याद किया जा रहा है। जयपुर समारोह की कड़ी में कल से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत होगी, जो 18 दिसम्बर तक चलेंगे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन रखे जाएंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 — 1 1 — 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी एक दिवसीय दौरे पर आज अलवर पहुंचे। अलवर पहुंचने के बाद उन्होंने भाजपा कार्यालय अंबेडकर नगर में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक में भाजपा सदस्यता अभियान की प्रगति को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा की 30 नवंबर तक इस अभियान को हम लक्ष्य को हांसिल करेंगे।

00000

भरतपुर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से ई–कंटेंट निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 5 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन प्राचार्य नीलमणि चौधरी ने विभिन विषयों को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए नवीनतम डिजिटल टूल्स के उपयोग करने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया गया कि डिजिटल शिक्षा प्रणाली शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। ई–कंटेंट न केवल छात्रों को शिक्षा का नवीन अनुभव प्रदान करता है बल्कि उनके समझने की कौशल को भी बढ़ता है। इस दौरान शिक्षकों से डिजिटल युग में नई तकनीकों को अपनाने का आव्हान किया गया।

00000